A

709

पहला कार्यकालांत मूल्यांकन - 2016-17

कक्षा-7

हिंदी

समय : 2 घंटे

सूचना:- • पंद्रह मिनट का *कूल ऑफ टाइम* है। यह प्रश्न-पत्र पढ़ने केलिए है।
• सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गतिविधि-I

सूचना : खंड़ पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

दुनिया में माँ प्यार की मूर्ति हैं। माँ का प्यार बेजोड़ है न? हर साल मई महीने के दूसरे रविवार को विश्व मातृदिवस मनाया जाता है। इस साल 8 मई को हमने 'विश्व मातृदिवस' मनाया।

1. विश्व मातृदिवस केलिए एक पोस्टर तैयार करें।
2. 'माँ' केलिए अलग हिंदी शब्द लिखें।

गतिविधि-II

सूचना : कवितांश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पंख होते तो तितली जैसे,
दूर गगन में उड़ जाती मैं।
हर उपवन में उड़-उड़ कर,
फूलों का रस लेने जाती।
मम्मी-पप्पा मुझसे कहते,
तू ही हमारी प्यारी तितली।
राजकुमारी से भी बढ़कर,
तू ही मन की राज - दुलारी।

1. नीचे दिए शब्दों के समान अर्थवाले शब्द कवितांश से चुनकर लिखें।
   (i) आसमान (ii) बगीचा
2. कविता को उचित शीर्षक दें।
3. कवितांश का आशय लिखें।

गतिविधि- III

सूचना : खंड़ पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

ओणम की छुट्टी हम एक साथ मनाएँगे। मीना आपकी सहेली है न? मीना अब मुंबई में है। उसको अपने घर आने का निमंत्रण देते हुए एक चिट्ठी लिखें।

1. चिट्ठी तैयार करें।
2. रेखांकित शब्द पर ध्यान दें और नीचे दिए वाक्य को उसी प्रकार बदलकर लिखें।
   - हम ओणम के दिन दावत बनाते हैं।
   - हम ओणम के दिन दावत ....।

गतिविधि- IV

सूचना : कहानी का अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

विक्रम की आँखें खुल गई। वह समझ गया कि अपना शरीर ही एक अनमोल खज़ाना है। इसका सदुपयोग करना है। मेहनत ही संपदा है। वह अपने गाँव की ओर चला। रास्ते में किसान से उसकी मुलाकात हुई। दोनों बातें करने लगे।

1. वार्तालाप तैयार करें।
2. रेखांकित वाक्यों को मातृभाषा में अनुवाद करें।

गतिविधि- V

सूचना : खंड़ पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

निर्मल नौ बजे घर से निकली। आज स्कूल में हिंदी मंच के कार्यक्रम हैं। उसने हिंदी मंच के कार्यक्रमों की सूचना देखी।

हिंदी दिवस उद्घाटन समारोह
सरकारी यू.पी.स्कूल
कार्यक्रम

प्रार्थना	:	
स्वागत	:	सीना सी. (सचिव, हिंदी मंच)
अध्यक्ष	:	श्रीमती वीणा पी. (हिंदी अध्यापिका)
उद्घाटन	:	श्री. राजन के. (प्रधान अध्यापक)
आशीर्वाद भाषण	:	मीना बी.
कृतज्ञता ज्ञापन	:	प्रवीण के.

कवितापाठ प्रतियोगिता में निर्मल को प्रथम स्थान मिला।
शाम को निर्मल घर पहुँचकर अपनी डायरी लिखने लगी।

1. निर्मल की डायरी तैयार करें।
2. सही शब्द चुनकर वाक्य की पूर्ति करें।
   निर्मल ने एक .... कविता प्रस्तुत की। (बड़ा/ अच्छी)